ग्राम सभा का मुख्य उदेश्य जल शक्ति अभियान व वर्षा जल संग्रहण के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करना है : इकबाल

आशीष गोयल/गुड़गांव मेल

पुन्हाना, 27 अगस्त। मंगलवार को उपमंडल के गाँव रायपुर में सहगल फाउंडेशन व जल एव स्वच्छता सहायक संगठन के तत्वाधान में रायपुर के के वरिष्ठ माध्यमिक विधयालय में सभा का आयोजन किया गया व जल संरक्षण व स्वच्छता के प्रति लोगो को जागरूक करने के लिए जागरूक रैली भी निकाली गयी ।

सभा के दौरान कार्यक्रम अध्यक्ष सरपंच इकबाल ने संबोधित करते हुए बताया की ग्राम सभा का मुख्य उदेश्य जल शक्ति अभियान व वर्षा जल संग्रहण के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करना है इस ग्राम सभा मे हरियाणा सरकार की चलायी जा रही स्कीम के बारे में हर विभाग से आये हुए अधिकारियों ने अपने अपने विभाग द्वारा चलायी जा रही स्कीमों के बारे में ग्रामीणों को बताया व ग्राम पंचायत के ग्राम सचिव ज्ञानचंद ज़ी ने ग्रामीणों द्वारा बतायी गयी सभी समस्याओं को कार्यवाही रजिस्टर मे लिखा गया व समस्याओं को ग्राम पंचायत व हर विभाग के अधिकारियों द्वारा उनके सम्मुख रखी जायगी और जल्द ही निपटारा भी किया जायगा। सहगल फाउंडेशन द्वारा चलाये जा रहे पानी बचाने के कार्यक्रम के बारे में व ग्रामीणों को वर्षा जल संग्रहण के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गयी सन्दीप शर्मा ने भी हमारे देश के माननीय प्रधानमन्त्री द्वारा चलाये जा रहे जल शक्ति अभियान में अपना विशेष सहयोग देने की अपील की गयी।

मुख्य रूप से पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट से खंड संसाधन समन्वयक सन्दीप शर्मा सहगल फाऊंडेशन से शाहीन खातून श्री मति सोनम ज़ी निजाम फूड एंड सप्लाई डिपार्टमेंट से फूड सप्लाई इन्स्पेक्टर निकेश स्वास्थ्य विभाग डाक्टर वेद प्रकाश दीप्ति व महिला एवं बाल विकास विभाग से आंगनवाड़ी वर्कर कुसुम लता समता व विधालय के प्राचार्य शाहिद व गांव के पंचायत सदस्य शाहीना आशा वर्कर सुषमा दुलारी इरशाद सलीम अकरमसरोज नजमा मुमताज आदि उपसथित रहे।